पत्रांक–बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS-02/2024, सो०–...1135

**बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी**
(सामान्य प्रशासन विभाग)

प्रेषक,

अमृत लाल मीणा,
मुख्य सचिव, बिहार।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, सभी विभाग।
पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना।
सभी प्रमंडलीय आयुक्त।
सभी जिला पदाधिकारी।

पटना, दिनांक–...10/06/2025

विषयः– **मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) परियोजना अंतर्गत नियमित कर्मियों का वर्तमान धारित पद एवं सेवा / संवर्ग का मैपिंग कराने के संबंध में।**

प्रसंगः– बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी का पत्रांक– 885, दिनांक–09.05.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली अंतर्गत राज्य के नियमित कर्मियों का वर्तमान धारित पद एवं सेवा / संवर्ग के अनुसार कैडर मैपिंग का कार्य संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा किया जा रहा है। प्रासंगिक पत्र द्वारा आवश्यक दिशा–निर्देश निर्गत है। इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

विदित हो कि मिशन सोसाइटी द्वारा कैडर मैपिंग कार्य की विभागवार एवं निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा किये जा रहे कार्य का सतत अनुश्रवण किया जा रहा है तथा प्रतिदिन संबंधित प्रगति प्रतिवेदन सभी विभाग को उनके ई–मेल पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

यह उल्लेखनीय है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा कैडर मैपिंग का कार्य 26, मई 2025 तक पूर्ण करने का अनुरोध किया गया था परंतु इस संबंध में प्रगति अत्यंत धीमी है।

अतः अनुरोध है कि अपने स्तर से इसकी नियमित समीक्षा की जाए, ताकि निर्धारित समय सीमा में यह कार्य पूर्ण किया जा सके। वैसे निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी जिनके द्वारा 30 जून, 2025 तक उनके स्थापना के सभी नियमित कर्मियों का कैडर मैपिंग कार्य पूर्ण नहीं कर लिया जाता है उनका माह जून, 2025 का वेतन, कार्य पूर्ण होने तक स्थगित रखा जाए।

विश्वासभाजन,

9/6/25
(अमृत लाल मीणा)
मुख्य सचिव, बिहार।

अपर मुख्य सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना का कार्यालय
पत्रांक 3216
10 JUN 2025

अपर सचिव कोषांग
पत्र सं०
10 JUN 2025
977

बिहार सरकार

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

ज्ञापांक – 3/स्था०(6) 03/2025– 2576 / पटना – 15, दिनांक – 10/06/25

प्रतिलिपि :– निदेशक, पशुपालन/मत्स्य/गव्य विकास, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10/06/25

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक – 3/स्था०(6) 03/2025– 2576 / पटना – 15, दिनांक – 10/06/25

प्रतिलिपि :–अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/अपर सचिव कोषांग/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10/06/25

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक – 3/स्था०(6) 03/2025– 2576 / पटना – 15, दिनांक – 10/06/25

प्रतिलिपि :–विभागीय आई०टी० प्रबंधक को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10/06/25

सरकार के अवर सचिव।